UPI123Pay और डिजिसाथी

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने डिजिटिल भुगतान करने हेतु गैर इंटरनेट उपयोगकर्त्ताओं के फोन के लिये नई UPI सेवाएँ **UPI123Pay** शुरू की हैं, साथ ही डिजिटिल भुगतान के लिये 24x7 हेल्पलाइन की भी शुरुआत की गई है, जिसे 'डिजीसाथी' कहा गया।

- डिजिटिल भुगतान उत्पादों और सेवाओं से संबंधित जानकारी पर उपयोगकर्त्ताओं को स्वचालित प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिये भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा **'डिजीसाथी'** की स्थापना की गई है। वर्तमान में यह अंग्रेज़ी और हिंदी भाषा में उपलब्ध है।

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI)

- यह तत्काल भुगतान सेवा (**Immediate Payment Service- IMPS**) जो कि कैशलेस भुगतान को तीव्र और आसान बनाने के लिये चौबीस घंटे धन हस्तांतरण सेवा है, का एक उन्नत संस्करण है।
- UPI एक ऐसी प्रणाली है जो कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लीकेशन (किसी भी भाग लेने वाले बैंक) द्वारा कई बैंकिंग सुविधाओं, निर्बाध फंड रूटिंग और मर्चेंट भुगतान की शक्ति प्रदान करती है।
- वर्तमान में UPI नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस (NACH), तत्काल भुगतान सेवा (IMPS), आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (AePS), भारत बिल भुगतान प्रणाली (BBPS), RuPay आदि सहित भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा संचालित प्रणालियों में सबसे बड़ा है।
- वर्तमान के शीर्ष UPI एप्स में फोन पे, पेटीएम, गूगल पे, अमेज़न पे और भीम एप शामिल हैं।

'UPI123Pay' क्या है?

- **परिचय:**
  - यह उन साधारण फोन पर काम करेगा, जिनमें इंटरनेट कनेक्शन नहीं है।
    - अभी तक UPI फीचर ज़्यादातर स्मार्टफोन पर ही उपलब्ध हैं।
  - फीचर फोन के लिये UPI सेवा खुदरा भुगतान पर आरबीआई के नियामक सैंडबॉक्स का लाभ उठाएगी।
    - एक नियामक सैंडबॉक्स आमतौर पर नियंत्रित/परीक्षण नियामक वातावरण में नए उत्पादों या सेवाओं के लाइव परीक्षण को संदर्भित करता है जिसके लिये नियामक परीक्षण के सीमित उद्देश्य हेतु कुछ नियामक छूट की अनुमति दी जा सकती है।
  - UPI सेवा UPI अनुप्रयोगों में 'ऑन-डिवाइस' वॉलेट तंत्र के माध्यम से डिजिटिल लेन-देन को सक्षम करेगी।
  - उपयोगकर्त्ता चार प्रौद्योगिकी विकल्पों के आधार पर कई लेन-देन करने में सक्षम होंगे, जिनमें- आईवीआर (इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पांस) नंबर, मिस्ड कॉल-आधारित दृष्टिकोण, फीचर फोन में एप की कार्यक्षमता और 'नियर वॉइस' आधारित भुगतान शामिल हैं।
- **लाभ:**
  - फीचर फोन हेतु नई सेवा व्यक्तियों को स्मार्टफोन और इंटरनेट के बिना दूसरों को सीधे भुगतान करने में सक्षम होगी।
  - उपयोगकर्त्ताओं द्वारा मित्रों और परिवार को भुगतान किया जा सकता हैं, साथ ही इससे उपयोगिता बिलों का भुगतान कर सकते हैं, अपने वाहनों के फास्ट टैग को रिचार्ज कर सकते हैं, मोबाइल बिलों का भुगतान कर सकते हैं तथा उपयोगकर्त्ता अपने खाते की शेष राशि को भी चेक कर सकते हैं।
  - यह ग्राहकों को स्कैन और भुगतान को छोड़कर लगभग सभी लेन-देन हेतु फीचर फोन का उपयोग करने की अनुमति देगा।
  - UPI123Pay अनुमानित 40 करोड़ फीचर फोन उपयोगकर्त्ताओं को लाभान्वित करेगा और उन्हें सुरक्षित तरीके से डिजिटिल भुगतान करने में सक्षम बनाएगा। यह स्मार्टफोन का उपयोग न करने वाले उपयोगकर्त्ताओं को डिजिटिल भुगतान प्रणाली से जोड़ने में मददगार साबित होगा।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/upi123pay-and-digisaathi